आओ आओ बाला जी

आओ आओ बाला जी,
घर आओ बाला जी,
हम कबसे खड़े इंतज़ार में।
आओ आओ बाला जी.......

सोने चांदी का आसन बनवाया,
हीरा मोती है उसमे जड़वाया,
लाल वस्त्र से उसे सजाया,
फूल माला भी हमने मंगाया ,
आओ अंजनी के लाल, सालासर के सरकार ।
हम कबसे खड़े इंतज़ार में.......

हमने लाल लाल चोला बनवाया,
सीता राम हमने लिखवाया,
अपने हाथो से लड्डू बनाया,
तुलसा पत्ता भी रखवाया, आओ आओ सरकार ।
हम कबसे खड़े इंतज़ार में.........

हम भक्तो का मान बढ़ाना,
कलयुग से हमें बचाना,
पापो से दूर हटाना,
अपने दासो का कष्ट मिटाना,
हम सबको सुख पहुचाना, आओ आओ सरकार।
हम कबसे खड़े इंतज़ार में........

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26033/title/aao-aao-bala-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |